# 2022 (चरण 2) खपत वाउचर योजना

## योजना पर जानकारी नोट्स

2022 (चरण 2) खपत वाउचर योजना ("योजना") के तहत, स्थानीय खपत को बढ़ावा देने की दृष्टि से $10,000 / $5,000 के कुल मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक खपत वाउचर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को किश्तों में वितरित किए जाएंगे, ताकि आर्थिक सुधार में तेजी लाई जा सके और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

**<u>पात्रता मानदंड</u>**

पंजीकरण करने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना चाहिए [नोट 1] -

(A) 13 जून, 2022 को या उससे पहले 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का होना; तथा

(B) 13 जून, 2022 को,

(i) हांगकांग का एक स्थायी निवासी होने के नाते उस के पास एक वैध हांग कांग स्थायी पहचान कार्ड ("HKPIC")[नोट 2] या पंजीकरण आयुक्त द्वारा व्यक्तियों के पंजीकरण विनियम, कैप. 177A के तहत जारी एक वैध छूट प्रमाण पत्र ("EC") हो ; या

(ii) हांग कांग का एक स्थायी निवासी होने के नाते उस के पास एक वैध हांग कांग स्थायी पहचान कार्ड ("HKPIC")[नोट 2] या पंजीकरण आयुक्त द्वारा व्यक्तियों के पंजीकरण विनियम, कैप. 177A के तहत जारी एक EC हो, जो हांग कांग और मकाओ के लिए आगे की कार्यवाही करने हेतु परमिट पर हांग कांग आया है (आमतौर पर "एक तरफा परमिट" के रूप में ज्ञात) अथवा, जिसके पास उपरोक्त (B)(i) द्वारा प्रायोजित आश्रित के रूप में हांग कांग[नोट 3] में रहने के लिए वैध अनुमति हो; या

(iii) नोट 4 के अधीन, हांग कांग का निवासी होने के नाते उस के पास एक वैध "HKPIC"[नोट 2] या पंजीकरण आयुक्त द्वारा व्यक्तियों के पंजीकरण विनियम, कैप. 177A के तहत जारी EC हो, जिसके पास हांग कांग में रहने की वैध अनुमति हो

[नोट 3] और, जो ऊपर (B) (ii) में निर्दिष्ट प्रकार के व्यक्तियों से संबंधित नहीं हो; तथा

(C) हांगकांग से स्थायी रूप से प्रस्थान न करने वाला हो या ऐसा करने का कोई इरादा नहीं हो [नोट 5]

[नोट 1: हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार ("सरकार") के पास निर्दिष्ट मानदंडों (यानी मानदंड (A) से (C)) और व्यक्तिगत पंजीकरणकर्ताओं से संबंधित किसी भी अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत पंजीकरणकर्ताओं की पात्रता तय करने का अधिकार सुरक्षित रखती है, जिसे सरकार 2022 खपत वाउचर योजना ("योजना") के प्रयोजन के लिए प्रासंगिक मानती है (सार्वजनिक फंड का उचित उपयोग, योजना के दुरुपयोग को रोकना, सुनिश्चित करने सहित लेकिन इस तक सीमित नहीं है, और किसी भी ऐसे संवितरण को रोकना जो किसी भी लागू कानूनी प्रावधानों या आवश्यकताओं के विपरीत हो को सुनिश्चित करना शामिल किंतु इन तक सीमित नहीं) ।]

[नोट 2: HKPIC या HKIC पर दस्तावेजी प्रमाण के संबंध में मानदंड (B) को पूरा करने के रूप में भी माना जाता है यदि वह एक वैध संग्रह अवधि के साथ HKPIC या HKIC (यानी ROP140/ROP140A) के लिए आवेदन की पावती रखता है। योजना के प्रयोजन के लिए, HKIC कार्ड के सामने के भाग पर "हांगकांग पहचान कार्ड" शब्दों के साथ एक पहचान कार्ड को संदर्भित करता है।]

[नोट 3: योजना के प्रयोजन के लिए, "हांग कांग में रहने की वैध अनुमति" का अर्थ आप्रवासन अध्यादेश, कैप. 115 के तहत हांग कांग में पर्यटक के रूप में रहने की अनुमति को छोड़कर, हांग कांग में रहने के लिए अनुमति होना है।]

[नोट 4: निम्नलिखित व्यक्ति, हालांकि हांग कांग के निवासी होने के नाते, जिनके पास पंजीकरण आयुक्त द्वारा कैप. 177ए के तहत (जहाँ लागू हो) जारी एक वैध HKIC या EC हो, जिनके पास हांग कांग में रहने की वैध अनुमति है, वे योजना के लिए अपात्र हैं -

- कोई भी व्यक्ति जो श्रमिक की सरकारी आयात योजना के तहत हांग कांग के बाहर से एक ठेके के कामगार के रूप में नियोजित है; या
- कोई भी व्यक्ति जो हांग कांग के बाहर से घरेलू सहायक के रूप में नियोजित है; या
- कोई भी व्यक्ति जो कांसुलर संबंध अध्यादेश, कैप. 557 के तहत कांसुलर पद का सदस्य है; या
- कोई भी व्यक्ति जो हांग कांग गैरीसन का सदस्य है; या
- कोई भी व्यक्ति जो एक निर्धारित सेंट्रल पीपुल्स गवर्नमेंट यात्रा दस्तावेज धारक है।]

[नोट 5: योजना के प्रयोजन के लिए, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या कोई व्यक्ति स्थायी रूप से हांग कांग से चला गया है या उसका ऐसा करने का इरादा है, सरकार निम्नलिखित कारकों को ध्यान में रखेगी, लेकिन इन तक सीमित नहीं रहेगी -

(a) क्या वह व्यक्ति 18 जून, 2019 से 12 जून, 2022 की अवधि के दौरान हांग कांग से लगातार अनुपस्थित रहा है, और यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान, क्या वह:

(i) पोर्टेबल व्यापक सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना के तहत सहायता प्राप्तकर्ता, ग्वांगडोंग योजना के तहत भत्ता प्राप्तकर्ता, या फ़ुज़ियान योजना के तहत भत्ता प्राप्तकर्ता है;

(ii) हांग कांग के बाहर किसी ऐसे स्कूल/विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहा है जो संबंधित प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त है;

(iii) श्रम विभाग द्वारा प्रशासित वर्किंग हॉलिडे स्कीम का/की प्रतिभागी है;

(iv) चिकित्सा कारणों से हांग कांग के बाहर अस्पताल में भर्ती है;

(v) सरकार या हांग कांग में स्थित कंपनी/संगठन के लिए अस्थायी आधार पर* हांग कांग के बाहर ड्यूटी करना, या इस तरह की ड्यूटी करने वाले परिवार के किसी करीबी सदस्य के साथ रहना; और/या

(vi) इस योजना के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा वैध के रूप में निर्धारित अन्य अपवादात्मक कारण इस की वजह हैं; तथा

** योजना के प्रयोजन के लिए, इसका अर्थ है कि व्यक्ति हांगकांग में स्थित किसी कंपनी या संगठन द्वारा नियोजित है और अस्थायी रूप से हांग कांग के बाहर काम करने के लिए तैनात किया गया है, और तैनाती के बाद हांगकांग लौटने का इरादा रखता है।*

(b) क्या व्यक्ति ने 13 जून 2022 को या उससे पहले MPF कानून के तहत हांग कांग से स्थायी प्रस्थान के आधार पर 65 वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले अपने अनिवार्य भविष्य निधि ("MPF") या MPF छूट प्राप्त व्यावसायिक सेवानिवृत्ति योजनाओं के तहत लाभ लेने के लिए कोई वैध दावा अनुरोध प्रस्तुत किया है; तथा

(c) यदि व्यक्ति 13 जून, 2022 के अनुसार हांग कांग का स्थायी निवासी है तो क्या उसके पास स्थानीय रूप से जारी वैध HKPIC है; तथा

(d) क्या कोई सबूत या जानकारी है जिसके आधार पर सरकार को विश्वास हो कि निकट भविष्य में उस व्यक्ति का हांग कांग लौटने का कोई इरादा नहीं है।]

**<u>वाउचर का मूल्य</u>**

| | **पात्रता मानदंड (A); (B)(i) या (B)(ii); तथा (C) को पूरा करने वाले पंजीकरणकर्ताओं के लिए** | **पात्रता मानदंड (A); (B)(iii); तथा (C) को पूरा करने वाले पंजीकरणकर्ताओं के लिए** |
|---|---|---|
| **पात्र पंजीकरणकर्ता जिन्हें 2022 (चरण 1) खपत वाउचर योजना के तहत वाउचर वितरित किए गए हैं** | $5,000 | योजना के तहत किसी भी वाउचर का वितरण नहीं किया जाएगा |
| **पात्र पंजीकरणकर्ता जिन्हें 2022 (चरण 1) खपत वाउचर योजना के तहत वाउचर वितरित नहीं किए गए हैं** | $10,000 | $5,000 |

## पंजीकरण, संग्रह और उपयोग

पात्र व्यक्ति निम्नलिखित संचित मूल्य सुविधाओं ("SVFs") में से एक के माध्यम से वाउचर संग्रहीत कर सकते हैं: अलीपे एचके (Alipay HK), बीओसी पे (BoC Pay), ऑक्टोपस (Octopus), एचएसबीसी से पेमी (HSBC से PayMe), टैप एंड गो (Tap & Go) और वीचैट पे एचके (WeChat Pay HK)।

### *पंजीकरण*

उन पंजीकरणकर्ताओं को जिन्होंने 2021 खपत वाउचर योजना के तहत सफलतापूर्वक पंजीकरण किया है, जब तक कि वे अपने पंजीकरण डेटा (वाउचर प्राप्त करने के लिए SVF खाते सहित) में संशोधन नहीं करना चाहते हैं, उन्हें फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है और उनकी पात्रता की पुष्टि के बाद उसी SVF खाता के माध्यम से स्वचालित रूप से प्रासंगिक वाउचर प्राप्त करेंगे।

यदि वे पंजीकरण डेटा में संशोधन करना चाहते हैं या उन्होंने 2021 खपत वाउचर योजना के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण नहीं किया है, तो वे योजना वेबसाइट (www.consumptionvoucher.gov.hk) में केंद्रीय पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से 23 जून, से 23 जुलाई के दौरान ऑनलाइन या अस्थायी सेवा केंद्रों में से एक पर पंजीकरण कर सकते हैं (कृपया सेवा केंद्रों पर जाने से पहले मुलाकात निर्धारित करने के लिए 18 5000 पर कॉल करें) ।

### *संग्रहण*

सफल पंजीकरणकर्ता जिन्होंने ऑक्टोपस का चयन किया है, निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से खपत वाउचर एकत्र कर सकते हैं:

1. MTR स्टेशनों, लाइट रेल ग्राहक सेवा केंद्रों, निर्दिष्ट सार्वजनिक परिवहन इंटरचेंजों और निर्दिष्ट नौका गोदियों पर स्थापित सब्सिडी संग्रहण स्थान;
2. 7-इलेवन (7-Eleven), सर्कल के (Circle K), वेलकम (Wellcome), मार्केट प्लेस

बाय जैसन (Market Place by Jasons) , मार्केट प्लेस (Market Place), थ्रीसिक्स्टी (3hresixty) और जैसन्स इचिबा (Jasons ichiba); के सभी आउटलेट

3. ऑक्टोपस सर्विस पॉइंट्स; तथा
4. ऑक्टोपस ऐप

सफल पंजीकरणकर्ताओं के लिए जिन्होंने HSBC, Tap & Go और WeChat Pay HK से Alipay HK, BoC Pay, PayMe का चयन किया है, उनके खपत वाउचर सीधे पंजीकृत एसवीएफ खातों में जमा किए जाएंगे।

***उपयोग***खपत वाउचर का उपयोग स्थानीय रिटेल, खानपान और सेवा आउटलेट या उनके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किया जा सकता है। निम्नलिखित लेनदेन आइटम शामिल नहीं किए गए हैं:

- सरकार को भुगतान (जैसे कर, जुर्माना, लाइसेंस शुल्क, टनल शुल्क, पार्किंग मीटर)
- सार्वजनिक उपयोगिताओं (यानी पानी, बिजली और गैस) के लिए भुगतान
- सार्वजनिक संगठनों के लिए भुगतान (जैसे अस्पताल अथॉरिटी, हांग कांग हाउसिंग अथॉरिटी, हांग कांग हाउसिंग सोसाइटी)
- शिक्षा व्यय (यानी स्थानीय और गैर-स्थानीय पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों और यूजीसी द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को भुगतान)
- वित्तीय उत्पादों या सेवाओं की खरीद (जैसे बीमा)
- दान (धर्मार्थ, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों सहित)
- हांग कांग के बाहर स्थित व्यापारियों से सीधी खरीदारी (स्थानीय रूप से किए गए गैर-स्थानीय ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन खरीदारी सहित)
- एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को भुगतान
- नकदीकरण

**समय सारणी**

***पात्र पंजीकरणकर्ता जो $5,000 के कुल मूल्य वाले वाउचर प्राप्त करते हैं***

ऑक्टोपस

| |
|---|
| **पहला वाउचर ($2,000)** |
| 7 अगस्त |
| **दूसरा वाउचर ($2,000)** |
| 1 अक्टूबर |
| **तीसरा वाउचर ($1,000)** |
| 16 दिसम्बर 2022<br>(यदि कुल पात्र खर्च 30 नवंबर 2022 तक $4,000 पहुंच गया है)<br><br>या 16 जनवरी 2023/16 फरवरी 2023/16 मार्च 2023/16 अप्रैल 2023 तक (यदि कुल पात्र खर्च 31 दिसंबर 2022/31 जनवरी 2023/28 फरवरी 2023/31 मार्च 2023 तक $4,000 पहुंच गया है) |

वाउचर 30 सितंबर 2023 तक एकत्र किए जाने चाहिए।

*HSBC, Tap&Go, WeChat Pay HK से AlipayHK, BoC Pay, PayMe*

| **संवितरण तिथि** |
|---|
| **पहला वाउचर ($2,000)** |
| 7 अगस्त |
| **दूसरा वाउचर ($3,000)** |
| 1 अक्टूबर |

वाउचर 28 फरवरी 2023 को समाप्त हो जाएंगे।

***पात्र पंजीकरणकर्ता जो $10,000 के कुल मूल्य वाले वाउचर प्राप्त करते हैं***

ऑक्टोपस

| |
|---|
| **पहला वाउचर ($3,000 )** |
| 7 अगस्त |
| **दूसरा वाउचर ($3,000)** |
| 1 अक्टूबर |
| **तीसरा वाउचर ($3,000)** |

| |
|---|
| 1 दिसम्बर |
| **चौथा वाउचर ($1,000)** |
| 16 फरवरी 2023<br>(यदि कुल पात्र खर्च 31 जनवरी 2023 तक $9,000 पहुंच गया है)<br><br>या 16 मार्च 2023/16 अप्रैल 2023/16 मई 2023/16 जून 2023 को (यदि कुल पात्र खर्च 28 फरवरी 2023/31 मार्च 2023/30 अप्रैल 2023/31 मई 2023 तक $9,000 पहुंच गया है) |

वाउचर 30 सितंबर 2023 तक एकत्र किए जाने चाहिए।

*HSBC, Tap&Go, WeChat Pay HK से AlipayHK, BoC Pay, PayMe*

| **संवितरण तिथि** |
|---|
| **पहला वाउचर ($3,000)** |
| 7 अगस्त |
| **दूसरा वाउचर ($3,000)** |
| 1 अक्टूबर |
| **तीसरा वाउचर ($4,000)** |
| 1 दिसम्बर |

वाउचर 30 अप्रैल 2023 को समाप्त हो जाएंगे।

**पूछताछ**

कृपया स्कीम हॉटलाइन को 18 5000 पर कॉल करें। यदि आपको स्कीम हॉटलाइन के स्टाफ के साथ संवाद करने के लिए CHEER की व्याख्या सेवा की आवश्यकता है, तो कृपया CHEER की हॉटलाइन 3755 6877 पर संपर्क करें।